# राजकीय आदर्श महाविद्यालय देवीधुरा (चम्पावत)

प्रेस–विज्ञप्ति दिनांक 14 सितम्बर 2023

राजकीय आदर्श महाविद्यालय देवीधुरा में आई. क्यू. ए. सी. सेल के तत्त्वावधान में बी.ए. एवं बी.एससी. प्रथम सेमेस्टर में नव–प्रवेशित छात्र–छात्राओं का दीक्षारम्भ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ दीप–प्रज्वलन, सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के साथ हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय की मुख्य शास्ता डॉ. रजनी मेहरा ने छात्र–छात्राओं का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों को महाविद्यालय के नियमों तथा उद्देश्य एवं लक्ष्यों की महत्त्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। डॉ. संदीप रावत (असि.प्रोफेसर, वनस्पति विज्ञान) ने छात्र–छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के स्वरूप, पाठ्यक्रम एवं ए.बी.सी. आईडी के विषय में विस्तार से बताया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. गीता श्रीवास्तव ने नव–प्रवेशित छात्र–छात्राओं का स्वागत करते हुए उन्हें अनुशासन के महत्त्व से अवतग कराते उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रदान की। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. कविता अप्रेती (असि. प्रोफे. हिन्दी विभाग) ने किया। कार्यक्रम में नवागन्तुक छात्र–छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. हेम चन्द्र, डॉ. दीपक जोशी, डॉ. प्रभदीप सिंह, डॉ. गरिमा पुनेठा, डॉ. गायत्री जोशी, डॉ. नवीन मेहरा तथा महाविद्यालय के कर्मचारी श्री भास्करानन्द पन्त, श्री रमेश सिंह, श्री भगवान सिंह राणा, श्रीमती पुष्पा सामंत उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छात्र–संघ अध्यक्ष देवेन्द्र भट्ट, अर्जुन बिष्ट, नेहा, उषा कोटवाल, पीहू, धीरज, सौरभ, नीरज, मोनू, गीतांजलि, दीपा, कविता, पूजा, सरिता, पंकज, योगेश आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम–संयोजक

प्राचार्य
प्राचार्य
राजकीय आदर्श महाविद्यालय
देवीधुरा (चम्पावत)
उत्तराखण्ड